टाइगर को कई सालों से इंप्रेस करने की कोशिश कर रही हूँः दिशा

दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ अक्सर इवेंट और डेट पर साथ देखे जाते हैं और पिछले काफी समय से इन दोनों के बीच अफेयर के कयास लगाए जाते हैं। हालांकि टाइगर और दिशा ने हमेशा इस पर खामोशी बरती हैं और एक-दूसरे को केवल अच्छा दोस्त बताते रहे हैं। हालांकि हाल में एक इंटरव्यू में दिशा ने अपने इस कथित रिलेशनशिप के बारे में बात की। दिशा ने कहा कि वह पिछले काफी सालों से टाइगर को इंप्रेस करने की कोशिश कर रही हैं लेकिन इसमें सफल नहीं हो पाई हैं। हालांकि दिशा को लगता है कि भारत रिलीज होने के बाद स्थितियां बदल जाएंगी। दिशा का यह जवाब ट्विटर पर एक फैन के सवाल के बाद आया है। फैन ने पूछा, आखिर क्यों आप दोनों अपने रिलेशनशिप को स्वीकार नहीं करते हो लोगों के एक कपल के तौर पर आप दोनों पसंद हैं। दिशा ने कहा कि वह भारत में वह कुछ खास तरह के स्टंट करती नजर आएंगी और उन्हें उम्मीद है कि टाइगर इससे जरूर इंप्रेस हो जाएंगे। आगे दिशा ने कहा कि वे साथ में खाना खाने जाते हैं, घूमते-फिरते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि टाइगर उनसे इंप्रेस हो गए हैं। दिशा ने यह भी कहा कि टाइगर और वह, दोनों बेहद शर्मीले हैं और इसीलिए इन दोनों के बीच बात आगे बढ़ ही नहीं पा रही है। वैसे बता दें कि इस समय दिशा अपनी अगली फिल्म भारत की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन अली अब्बास जफर ने किया है और इसमें सलमान, कटरीना, सुनील ग्रोवर, जैकी श्रॉफ और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म ईद के मौके पर 5 जून को रिलीज होगी। इसके अलावा दिशा मलंग में भी काम कर रही हैं जिसमें उनके ऑपोजिट आदित्य रॉय कपूर हैं।

भारत के बाद ऐक्टिंग वाले रोल ज्यादा करेंगी नोरा फतेही

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

खूबसूरत ऐक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही इस समय वरुण धवन के साथ रेमो डिसूजा की फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी की शूटिंग दुबई में कर रही हैं। वैसे वह अपनी अगली फिल्म भारत के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म में सलमान खान और कटरीना कैफ लीड रोल में हैं। हाल में इस फिल्म का सॉन्ग तुरपेया रिलीज किया गया था जिसमें नोरा सलमान संग ठुमके लगाती दिख रही हैं।

इस फिल्म में अपने किरदार के बारे में नोरा कहती हैं, फिल्म में मेरा किरदार सुनील ग्रोवर की पत्नी का है और इस गाने में इस रिलेशनशिप को बढ़ते हुए दिखाया गया है। फिल्म में मुझे केवल 2 सीन मिले हैं जिसमें से एक काफी कॉमिक है। वैसे इससे पहले नोरा ने जॉन अब्राहम की सत्यमेव जयते में दिलबर सॉन्ग और स्त्री के कमरिया सॉन्ग में भी अपने जबर्दस्त डान्स मूव्स दिखाए थे।

नोरा का कहना कि भारत के बाद लोग उन्हें ऐक्टिंग बेस्ड रोल्स में ज्यादा देखेंगे। उन्होंने कहा, हमने इस फिल्म की शूटिंग माल्टा में की थी, जहां सलमान और सुनील जैसे ऐक्टर्स के साथ मुझे इस कला की और बारीकियां पता चलीं। ऐसी फिल्म मिलना एक बड़ी ऑपर्चयूनिटी होती है।

अपनी अगली फिल्मों के बारे में नोरा बताती हैं कि उनका एक बड़ा रोल बाटला हाउस में भी है जिसमें जॉन अब्राहम एसीपी संजीव कुमार यादव के किरदार में दिखेंगे। इसके अलावा स्ट्रीट डांसर 3डी में भी नोरा का बड़ा किरदार है।

बैड बॉय से बॉलीवुड में एंट्री करेंगे मिथुन चक्रवर्ती के छोटे बेटे नमाशी

जाने माने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के छोटे बेटे नमाशी चक्रवर्ती बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहे हैं और वह निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म बैड बॉय से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करेंगे। नमाशी चक्रवर्ती के साथ प्रोड्यूसर साजिद कुरैशी की बेटी आमरीन कुरैशी भी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। बैड बॉय की शूटिंग बेंगलुरु में लगातार 65 दिन होगी और इसके अलावा मुंबई में भी इसकी शूटिंग होगी। फिल्म के कुछ गानों को भारत से बाहर भी फिल्माने की योजना है। साजिद कुरैशी ने कहा कि कोई भी पिता इस बात से खुश होगा कि उसके बेटे को राजकुमार संतोषी लॉन्च कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मिथुन चक्रवर्ती के बड़े बेटे मिमोह चक्रवर्ती कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

ज़रीन खान होंगी बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट?

बिग बॉस 12 के उबाऊ होने के बाद भारत के सबसे विवादास्पद रियलिटी शो के निर्माता कथित तौर पर बिग बॉस 13 की योजना बना रहे हैं. सलमान खान की तरफ से होस्ट किए जाने वाले शो का तेरहवां सीजन भी कलर्स पर प्रसारित होगा, खास बात यह है कि इस बार आम कंटेस्टेंट्स इस शो का हिस्सा नहीं होंगे. निर्माताओं ने कथित तौर पर बिग बॉस 13 में भाग लेने के लिए लोकप्रिय नामों से संपर्क करना शुरू कर दिया है. जैसा कि पहले बताया गया था, निर्माताओं ने विवेक दहिया, जय भानुशाली और माही विज से इस शो में भाग लेने के लिए संपर्क किया, लेकिन इन तीनों ने इस प्रस्ताव से इनकार कर दिया. अब हालिया चर्चा से पता चलता है कि निर्माताओं ने शो की पहली कंटेस्टेंट को फाइनल कर दिया है. कथित तौर पर सलमान खान की फिल्म वीर की अभिनेत्री ज़रीन खान बिग बॉस 13 में एक कंटेस्टेंट के रूप में दिखाई दे सकती हैं. इस बारे में खुलासा करते हुए टेलिचक्कर रिपोर्ट में कहा गया है कि शो के लिए पहली कंटेस्टेंट के तौर पर ज़रीन खान को फाइनल किया गया है. हालांकि, अभिनेत्री की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं आया है.

बिग बॉस का बारहवें सीजन में दीपिका कक्कड़, करणवीर बोहरा, नेहा पेंडसे, सृष्टि रोड जैसे लोकप्रिय नाम होने के बावजूद दर्शकों को निराश किया. इसके अलावा, पिछले साल विचित्र जोडी का कॉन्सेप्ट भी विफल रहा. निर्माता इस साल की थीम के लिए विभिन्न विचारों पर चर्चा कर रहे हैं. हालांकि, शो के बारे निर्माताओं योजना अभी भी शुरुआती चरण में है क्योंकि बिग बॉस 13 के ऑन-एयर होने में लगभग तीन महीने बाकी हैं.

ज़रीन खान की बात करें तो उन्होंने २०१० की फिल्म वीर में सलमान खान के साथ रोमांस किया, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल रही. बाद में, उन्होंने हाउसफुल 2, हेट स्टोरी 3, अक्सार 2 जैसी फिल्मों में काम किया. टीवी के मोर्चे पर, ज़रीन ने रणविजय सिंह की जगह ली और एमटीवी ट्रोल पुलिस के दो एपिसोड की मेजबानी की.